संख्या-16/2015/423/47-का-3-2015-13/48/90टी.सी.

प्रेषक,

राजीव कुमार
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनांक : 13 मार्च, 2015**

विषय- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा प्राप्त आफलाइन आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग आदि का कार्य यू0पी0 डेस्को के माध्यम से कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आयोग के पत्र संख्या-3/भर्ती अनुभाग- आयोग/2015-16/2015, दिनांक 12.02.2015 के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विभिन्न पदों हेतु प्राप्त किए गये आफलाइन आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग आदि सम्बन्धी कार्य जो आयोग के पत्र के साथ संलग्न यू0पी0 डेस्को के पत्र दिनांक 09.02.2015 के प्रस्तर-9.0 में अंकित है, को यू0पी0 डेस्को के माध्यम से कराये जाने तथा इस हेतु यू0पी0 डेस्को को प्रति अभ्यर्थी रू0-8.98 (रूपये आठ तथा अटठानबे पैसे मात्र) की दर से भुगतान किए जाने की राज्यपाल महोदय, सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-20 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2051-लोक सेवा आयोग-103-कर्मचारी चयन आयोग-आयोजनेत्तर-03-उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग" में अन्तर्गत सुसंगत इकाइयों के नामे डाला जायेगा।

भवदीय

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या-16/2015/423(1)/47-का-3/2015-13/48/90टी.सी., तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2.
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5.

आज्ञा से

(पी0बी0 सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in